भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **3028**
बुधवार, **21** मार्च, 2018/3**0** फाल्गुन, 1939 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

समुद्र-तट पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

3028. श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास समुद्र-तट पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान समुद्री-तटों के विकास हेतु राज्य-वार कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(ग) देश में, विशेषकर गुजरात में समुद्र-तट पर्यटन के विकास एवं बढ़ावा हेतु कौन-से अन्य कदम उठाए जा रहे हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) : पर्यटन मंत्रालय भारत का समग्र रूप ने संवर्धन करता है और बीच पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए "अतुल्य भारत" ब्रांड लाइन के तहत अपने जारी कार्यकलापों के रूप में प्रतिवर्ष महत्वपूर्ण तथा भावी विदेशी बाजारों में प्रिंट, इलैक्ट्रिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की बेवसाइट और सोशल मीडिया एकाउंट के द्वारा भी संवर्धनात्मक कार्य किए जाते हैं।

(ख) और (ग) : इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास हेतु स्वदेश दर्शन योजना आरम्भ की है। तटवर्ती परिपथ, जिसमें देश में समुद्री तटों का विकास शामिल है, विकास हेतु पहचाने गए 15 थीमेटिक परिपथों में से एक है। गुजरात में किसी परिपथ को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। सामान्यतः विकास हेतु परियोजनाएं राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से पहचानी जाती है और निधियों की उपलब्धता उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के प्रस्तुत करने योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और निर्मुक्त निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती है। पिछले तीन वर्षों में स्वदेश दर्शन योजना के तटवर्ती परिपथ के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को दी गई वित्तीय सहायता और स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे अनुबंध में दिए गए है।

****

अनुबंध

समुद्र-तट पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना के सम्बन्ध में दिनांक 21.03.2018 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3028 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत् तटवर्ती परिपथ में स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	परिपथ का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
2015-16					
1	आंध्र प्रदेश	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्री पोट्टी श्रीरामलू नेल्लोर में तटवर्ती पर्यटन परिपथ का विकास	**59.70**	**44.30**
2	महाराष्ट्र	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ का विकास	**82.17**	**12.79**
3	पुदुच्चेरी	तटवर्ती परिपथ	'स्वदेश दर्शन' स्कीम के अंतर्गत पर्यटक परिपथ के रूप में पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र का विकास (तटवर्ती परिपथ)	**85.28**	**38.43**
4	पश्चिम बंगाल	तटवर्ती परिपथ	पश्चिम बंगाल में समुद्रतट परिपथ : उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलई-हेनरी द्वीप का विकास	**85.39**	**42.69**
2016-17					
5	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तटवर्ती थीमैटिक परिपथ के तहत अंडमान और निकोबार में तटवर्ती परिपथ का विकास (लांग आईलैंड-रास स्मिथ आईलैंड-नील आईलैंड-हैवलॉक आईलैंड-वाराटांग आईलैंड-पोर्ट ब्लेयर)	**42.19**	**8.44**
6	गोवा	तटवर्ती परिपथ	गोवा में तटवर्ती परिपथ (सिंक्वेरियम-बागा-अंजुना-वेगेटर-मोरजिम-केरी-अगौदा किला और अगौदा जेल) का विकास।	**99.99**	**72.56**
7	कर्नाटक	तटवर्ती परिपथ	कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ जिला, उत्तर कन्नड़ जिला एवं उडुपी जिला में तटीय परिपथ का विकास	**95.67**	**19.13**
8	ओडिशा	तटवर्ती परिपथ	ओडिशा में तटवर्ती परिपथ के रूप में गोपालपुर, बारकुल, सतपदा और तंपारा का विकास	**76.49**	**15.30**
9	तमिलनाडु	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु में तटवर्ती परिपथ का विकास (चैन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मानपाडु-कन्याकुमारी)	**99.92**	**19.98**
2017-18					
10	गोवा	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत गोवा में तटवर्ती परिपथ **II**: रूआ दि ओरम क्रीक- डोन पौला- कोलवा- बेनौलिम का विकास	99.35	**19.87**

****